“जी एस टी जागृति”

आप सभी को सूचित करते हुए मुझे अति हर्ष हो रहा है कि मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा के तत्वाधान में गत १७ जून २०१७ शनिवार को स्थानीय मछखोवा स्थित आई टी ए सेंटर में दोपहर २ बजे से बहुचर्चित नूतन अप्रत्यक्ष कर प्रणाली “जी एस टी” पर “जी एस टी जागृति” के नाम से एक गोष्टी (सेमिनार) का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मधु सूदन जी सिकरिया, अध्यक्ष, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मलेन थे, जिनका फुलाम गमछा और स्मृति चिन्ह दे कर शाखा अध्यक्ष श्री पवन जी जाजोदिया ने स्वागत किया. गोष्ठी को सम्बोधित करने आये स्थानीय वरिष्ठ सीए ओम प्रकाश जी अगरवाला और उड़ीसा से पधारे सीए तरुण जी अगरवाला का स्वागत क्रमशः शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जी जैन एवं शाखा के कार्यकारिणी सदस्य श्री दिनेश जी मंगलुनिया के फुलाम गमछा और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान समारोह का प्रथम चरण पूरा किया. तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहित वक्ताओं एवं शाखा के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष पवन जी के स्वागत भाषण का उद्बबोधन हुआ. उसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचनो से समारोह की शोभा बढ़ाई. उन्होंने शाखा के अन्य कार्यक्रमों "परिणय बंधन", "योग शिविर" आदि का उल्लेख करते हुए शाखा की उपलब्धियों का जिक्र कर सदस्यों का उत्साह बढ़ाया. मुख्य अतिथि के भाषण के बाद, "जी एस टी जागृति के नाम से एक पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार लोहिया ने मुख्य अतिथि श्री मधु सूदन जी के कर कमलों से करवाया. इसके साथ ही स्वागत समारोह समाप्त कर तकनीकी सत्र की शुरुआत टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए सज्जन कुमार जी जाजोदिया की अध्यक्षता में कर दिया गया.

प्रथम सत्र में सीए तरुण जी अग्रवाल ने लगभग डेढ़ घंटे सम्बोधित किया जिसमें उन्होंने जी एस टी का प्रारूप, उसके फायदे, प्लेस ऑफ़ सप्लाई, टाइम ऑफ़ सप्लाई, इनपुट टैक्स क्रेडिट, कम्पोजीशन स्कीम आदि पर रौशनी डाली.

सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के संघठन मंत्री श्री अशोक जी अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल, पूर्वोत्तर प्रदेशीयमारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष श्री रितेश खटेर, कोषाध्यक्ष श्री पंकज भूरा, मारवाड़ी युवा मंच, गुवाहाटी शाखा के अध्यक्ष श्री राजीव चांडक, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय मोर माहेश्वरी योग समिति के श्री शंकर जी , श्री संजय सुरेका, श्री बिनोद चौधरी, सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों का पुलाम गमछा से स्वागत शाखा के सदस्यों द्वारा किया गया.

द्वितीय सत्र में सीए ओम प्रकाश जी अगरवाला ने ट्रांज़िशनल प्रोविशंस सहित अन्य प्रावधानों पर विस्तार से लगभग डेढ़ घंटे चर्चा की. तत्पश्चात एक घंटे से ज्यादा वक्त तक प्रश्नोत्तर काल चला जिसमें व्यापारियों के जम कर शिरकत की. अंत में प्रश्नोत्तर काल को समयाभाव की वजह से शाम ७ बजे के बाद रोकना पड़ा.

कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में प्रायोजकों का सम्मान फुलाम गमछा से तथा तकनीकी सत्र के सभापति सीए सज्जन कुमार जी जाजोदिया का सम्मान फुलाम गमछा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया.

अन्ततोगत्वा शाखा के सचिव श्री निरंजन जी सिकरिया ने सर्वप्रथम ईश्वरका धन्यवाद् कर समाज बन्धुवों सहित, वक्ताओं का, आई टी ए सेंटर का, डेकोरेटर का, सक्रिय कार्यकर्ताओं का, विज्ञापन दाताओं का तथा हर कोई जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एस कार्यक्रम में सहायक था, सभी का धन्यवाद् ज्ञापन किया. धन्यवाद प्रस्ताव से पहले पत्रिका "जी एस टी जाग्रति" का वितरण समाज बंधुओं के बीच किया गया. कार्यक्रम में ७०० से अधिक लोग उपस्थित थे

अगले दिन नगर में प्रकाशित होने वाले सभी समाचार पत्रों में कार्यक्रम की फोटो सहित विस्तृत रिपोर्ट शाखा के मीडिया प्रभारी एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री सम्पत जी मिश्रा के सहयोग से प्रकाशित हुयी. उन्होंने इसके पहले इस विषय पर एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की थी.

वक्ताओं ने, प्रायोजकों ने, समाज बंधुओं ने और हमारे सदस्यों सहित सभी से कार्यक्रम को सराहा. मैं, विनोद कुमार लोहिया, "जी एस टी" कार्यक्रम का संयोजक, इस रपट को कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूँ. इस कार्यक्रम का दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं अध्यक्ष सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करता हूँ. यथा सामर्थ्य अपनी जिम्मेदारी निभाने में मुझे पवन जी, निरंजन जी, सज्जन जी, भैया, रतन जी, प्रभात जी, प्रभुदयाल जी, सम्पत जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. शाखा के कोषाध्यक्ष दिनेश जी, संयुक्त सचिव अनुज और मृणाल के सहयोग ने कार्य को सहज और सूंदर बना दिया. अन्य सभी, जिन्होंने भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में सहयोग दिया, मैं सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ. अनजाने में रह गयी किसी भी त्रुटि के सारी जिम्मेदारी सिर्फ मेरे अकेले की मान कर क्षमा प्रार्थी हूँ.

विनोद कुमार लोहिया
संयोजक ,"जी एस टी जागृति"
मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
फ़ोन : 9435106500, मेल : vklohia@gmail.com